# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-25.10.2025**

**विषय:- थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा छिनैती के मुकदमे में वांछित 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार व कब्जे से 01 अदद लाकेट पीली धातु , 01 अदद मंगलसूत्र पीली धातु व कुछ नगद बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/छिनौती की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 478/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस व 481/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित 02 नफर अभियुक्त को दिनांक-24.10.2025 को समय करीब 19.55 बजे कानूडीह अंडरपास के पास रिंग रोड थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

1-दिनांक-16.10.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक 14.10.2025 को स्कूटी पर स्वार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनकी पत्नी का खेत से वापस घर आते समय ,मंगलसूत्र छिनकर भाग जाने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर पर मु0अ0सं0 478/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

2-दिनांक-18.10.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक 17.10.2025 को स्कूटी पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी चाची का मंगलसूत्र(लाकेट) छिनकर भाग जाने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर पर मु0अ0सं0 481/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1-राजा सोनकर पुत्र भोला सोनकर निवासी S-25/99-B- B सोनकर बस्ती भोजूबीर थाना कैंट कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष।

2.-राकेश सेठ पुत्र स्व0 जयराम सेठ पता SH-3/23 DR शारदा बिहार कालोनी मीरापुर बसही थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 42 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

दिनांक 24.10.2025 को समय करीब 19.55 बजे, कानूडीह अंडरपास के पास रिंग रोड थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**बरामदगी का विवरण-**

01 अदद लाकेट पीली धातु , 01 अदद मंगलसूत्र पीली धातु व 3400 रुपया नकद बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

**अभियुक्त राजा सोनकर -**

1-मु0अ0सं0 478/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- मु0अ0सं0 481/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**अभियुक्त राकेश सेठ--**

1-मु0अ0सं0 478/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- मु0अ0सं0 481/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3-मु0अ0सं0-108/2011 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

उ0नि0 जग नारायण , उ0नि0 गौरव सिंह, उ0नि0 शिव नारायण, हे0 का0 वसीम खान, का0 चंदन कुमार साह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी व उ0नि0 गौरव सिंह SOG प्रभारी मय टीम कमिश्नरेट वाराणसी।



सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।